कोलकाता, शुक्रवार
4.12.2020
prabhatkhabar.com

# प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । गया से प्रकाशित





# डीपीएस से जुड़े समाजसेवी को महाराष्ट्र सरकार का सम्मान




**आसनसोल.** वैश्विक महामारी के बीच प्रभावी लॉकडाउन के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल ( डीपीएस ) आसनसोल के प्रो-वाइस चेयरमैन व समाजसेवी रमेश प्रसाद गोयनका ने बेरोजगार प्रवासी मजदूरों, अन्य कामगारों व असहाय लोगों के भोजन व अन्य बुनियादी जरूरतें पूरी कर समाज सेवा की मिसाल पेश की. उन्होंने 1500 से ज्यादा जरूरतमंद लोगों के लिए तीनों समय के पोषक भोजन की व्यवस्था की. इसके अलावा गरीब मजदूरों की बस्तियों में जाकर शुद्ध पेय-जल व भोजन के पैकेट्स भी बांटे. इस उत्कृष्ट समाज सेवा पर श्री गोयनका को महाराष्ट्र सरकार ने सम्मानित किया. महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कोरोना योद्धाओं के सम्मान समारोह में श्री गोयनका को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. यह सम्मान पाने के बाद श्री गोयनका को डीपीएस-आसनसोल के प्राचार्य आरडी शर्मा ने बधाई दी और कहा कि यह विद्यालय परिवार के लिए गौरवशाली क्षण है. विद्यार्थियों को इस अनुकरणीय कृत्य से प्रेरित होकर अपने कर्मपथ पर आगे बढ़ते हुए राष्ट्र व मानव सेवा का व्रत लेना चाहिए.